राजकीय रज़ा स्नातकोत्तर महाविद्यालय, रामपुर (उ0प्र0)

(नैक तृतीय चक्र पूर्ण)

उच्च शिक्षा विभाग द्वारा उत्तर प्रदेश सरकार के मिशन शक्ति कार्यक्रम (द्वितीय चक्र) के अन्तर्गत

विषय: महिला और बाल विकास

दिनांक: 12-02-2021

समय: 2:30 से 3:30 बजे

डॉ0 पी0के0 वार्ष्णेय
प्राचार्य / संरक्षक

कार्यक्रम विवरण

दिनांक: 12-02-2021

समय: 2:30 से 3:30 बजे

क्र0 संख्या	कार्यक्रम विवरण	वक्ता
1.	कार्यक्रम परिचय / संचालन	डॉ0 बेबी तबस्सुम
2.	शुभारम्भ की घोषणा एवं उदबोधन	डॉ0 विनीता सिंह
3.	मुख्य वक्ता	डॉ0 वन्दना रानी गुप्ता पूर्व प्राचार्य जे.एस.हिन्दू स्नातकोत्तर महाविद्यालय अमरोहा
4.	धन्यवाद ज्ञापन	डॉ0 जहाँगीर खॉन

संयोजक: डॉ0 बेबी तबस्सुम

आयोजक: डॉ0 जहाँगीर खॉन

रिपोर्ट संकलन एवं सम्प्रेषण: डॉ0 शैलेन्द्र कुमार

Link- https://meet.google.com/wva-fmuo-pzi

GOVT. RAZA POST GRADUATE COLLEGE, RAMPUR

Re-Acceredited 'B' by NAAC

Affiliated by M.J.P rohilkhand University, Bareilly

वेबिनार आख्या

कार्यालय ,राजकीय रज़ा स्नातकोत्तर महाविद्यालय रामपुर ,उ0प्र0

दिनाँक: **12/02/2021**

आज दिनांक 12 फरवरी 2021 अपराह्न 2.30 बजे राजकीय रजा स्नातकोत्तर महाविद्यालय,रामपुर में उच्च शिक्षा विभाग द्वारा संचालित उत्तर प्रदेश शासन के मिशन शक्ति कार्यक्रम की साप्ताहिक ई-संगोष्ठी 'महिला और बाल विकास' विषय पर आयोजित की गयी। इस अवसर पर प्राचार्य डॉ. पी.के.वार्ष्णेय ने कहा कि मिशन शक्ति कार्यक्रम शारदीय नवरात्र 17/10/2020 से आरंभ होकर ग्रीष्म नवरात्र तक आयोजित होगा जिसके अंतर्गत अनेक गतिविधियां महिला सुरक्षा, स्वास्थ्य, पोषण, आत्मरक्षा कौशल,विधिक एवं कानूनी जागरूकता आदि विषयों पर आयोजित की जा रही हैं ।

कार्यक्रम का परिचय एवं रूपरेखा डॉ.बेबी तबस्सुम प्रोफेसर जंतु विज्ञान विभाग द्वारा प्रस्तुत की गई एवं बताया गया कि मिशन-शक्ति कार्यक्रम,उत्तर प्रदेश शासन का अत्यंत महत्वाकांक्षी कार्यक्रम है जिसका उद्देश्य लैंगिक असमानता को दूर करना है।कार्यक्रम का शुभारम्भ करते हुए डॉ. विनीता सिंह मुख्य शास्ता एवं विभागाध्यक्ष अंग्रेजी विभाग ने कार्यक्रम की उद्घोषणा करते हुए अपने आशीर्वचनों के साथ कहा कि महिला व बाल विकास तभी सम्भव हो सकता है जब समाज मे महिलाओं की औपचारिक एवं अनौपचारिक शिक्षा पर पूर्ण ध्यान दिया जाए । मुख्य वक्ता डॉ. वन्दना रानी गुप्ता, पूर्व प्राचार्य, जे. एस. हिन्दू स्नातकोत्तर महाविद्यालय, अमरोहा ने अपने विचारों को व्यक्त करते हुए कहा कि समाज में महिला सशक्तिकरण तभी संभव है जब पुरुषों के ह्रदय में उनके लिए सम्मान होगा और वे संस्कारित बनेंगे। महिलाओ को अपने कर्तव्यों के साथ-साथ अपने अधिकारों के प्रति भी जागरूक बनना होगा क्योंकि अगर महिला सशक्त है तो ही उसकी संतति भी सशक्त होगी ।

कार्यक्रम का संचालन डॉ. बेबी तबस्सुम, संयोजक द्वारा किया गया तथा धन्यवाद ज्ञापन डॉ. जहांगीर अहमद खान ने किया। कार्यक्रम में महाविद्यालय के आदरणीय प्राचार्य डॉ.पी. के.वार्ष्णेय जी, समस्त प्राध्यापक व प्राध्यापिकाएं, महाविद्यालय के छात्र-छात्राएं तथा अभिभावक उपस्थित रहे। अंत में कार्यक्रम का समापन राष्ट्रगान के द्वारा किया गया।

रजा पीजी कालेज में आयोजित बाल विकास विषय पर ई-संगोष्ठी

रामपुर। राजकीय रजा स्नातकोत्तर महाविद्यालय में उच्च शिक्षा विभाग द्वारा संचालित उत्तर प्रदेश शासन के मिशन शक्ति कार्यक्रम की साप्ताहिक ई-संगोष्ठी महिला और बाल विकास विषय पर आयोजित की गयी। इस अवसर पर प्राचार्य डॉ. पी.के.वार्ष्णेय ने कहा कि मिशन शक्ति कार्यक्रम शारदीय नवरात्र 17 अक्टूबर से आरंभ होकर ग्रीष्म नवरात्र तक आयोजित होगा जिसके अंतर्गत अनेक गतिविधियां महिला सुरक्षा, स्वास्थ्य,पोषण, आत्मरक्षा कौशल,विधिक एवं कानूनी जागरूकता आदि विषयों पर आयोजित की जा रही हैं । ...

... हिन्दू स्नातकोत्तर महाविद्यालय अमरोहा ने अपने विचारों को व्यक्त करते हुए कहा कि समाज में महिला सशक्तिकरण तभी संभव है जब पुरुषों के ह्रदय में उनके लिए सम्मान होगा और वे संस्कारित बनेंगे।

महिलाओ को अपने कर्तव्यों के साथ-साथ अपने अधिकारों के प्रति भी जागरूक बनना होगा क्योंकि अगर महिला सशक्त है तो ही उसकी संतति भी सशक्त होगी । कार्यक्रम का संचालन डॉ. बेबी तबस्सुम, संयोजक द्वारा किया गया। धन्यवाद ज्ञापन डॉ. जहांगीर अहमद खान ने किया। ...

Principal
Govt. Raza P.G. College
Rampur (U.P.)